हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 17 मार्च, 2015/26 फाल्गुन, 1936 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 5

एफ0 आर0 डी0 ए0 के अन्तर्गत समितियों का गठन

775 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा में Forest Right Dweller Act के अन्तर्गत समितियों का गठन किया जा चुका है; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र का राजस्व मोहाल के नाम सहित दें?

देवीकोठी-टेपा पंचायतों को धनराशि

776 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2012 से 31.12.2014 तक चुराह विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा देवीकोठी व टेपा पंचायतों में कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि विभाग द्वारा ज्यादा धनराशि अति दुर्गम क्षेत्रों पर ही खर्च की है; यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में ऐसी विसंगति को रोकने के लिए कोई पग उठाएगी ?

इमारती लकड़ी का वितरण

777 श्री हंस राज (चुराह):

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में इमारती लकड़ी के ड़िपो कहां-कहां पर स्थापित है; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 1.1.2012 से 31.12.2014 तक चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने लोगो को इमारती लकड़ी उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा नाम सहित दें ?

मुफ्त दवाइयों का वितरण

778 श्री हंस राज (चुराह):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में लोगों को सरकारी अस्पतालों में कौन-कौन सी दवाइयां मुफ्त दी जाती हैं; ब्यौरा दवाइयों के नाम सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि आज भी लोग निजी दुकानों से मनमाने दाम पर दवाइयां खरीदने पर बाध्य हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें ?

सिविल अस्पताल मनाली

779 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सिविल अस्पताल मनाली के साथ लगती मैदान की लगभग 7 बीघा भूमि के स्वामित्व की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा न्यायालय में चल रहे मामलों सहित दें?

शिमला: 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांक: 28 फरवरी, 2015. **सचिव।**